अधिकृत चिन्होंके लिए कृपया अंग्रेजी रूपान्तर देखें।

सोमवार, सितंबर २९, २००३

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

स्वामित्व का दावा

मृग पट्टेमें (Orion's Belt) स्थित अल्निलाम,(Alnilam), अल्निटाक (Alnitak) और **मिन्टाका** (Mintaka) ये जो तीन तारकाएँ मृग पट्टा (Orion's Belt) पूर्ण करती हैं, उन सितारोंपर, तथा इन तारकाओंकी गुरूत्वाकर्षणीय मंडल व्यवस्थामें स्थित सभी ग्रह परिवारोंपर मैंने, यानी **चार्ल्स वेस्ली फेअर्सने** स्वामित्व का दावा किया है, ये बात प्रमाणित करने के लिए ये दस्तावेज बनाया गया है।

स्वामित्व का मूलाधार

१९६७ के चांद्र करारमें, जिसपर अमरीका, रशिया, तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ के कुछ अन्य सदस्य देशोंकी सरकारोंने हस्ताक्षर किए थे, लिखा है कि इस करारमें सहभागी देशोंकी सरकारें अन्तरिक्ष स्थित ग्रह-तारकाओंपर स्वामित्व का दावा नहीं करेंगी।

" चंद्र और अन्य ग्रह तारका ओंसहित बाह्य अंतरिक्ष सर्वसत्ताके दावेके मार्गसे, या उपयोग के या आधिपत्य के मार्गसे, या अन्य किसी भी मार्गसे किसी भी देशव्दारा ले लेनेका विषय नहीं है। " (कलम – २)

इसमें **व्यक्तियोंके** बारेंमें कुछ भी उल्लेख नहीं है। इसलिए, मेरे इस स्वामित्व का मूलाधार ये है, कि किसी भी देशकी सरकार मेरा स्वामित्व का दावा **इन्कार** नहीं कर सकती।

संयुक्त राष्ट्रसंघ कोई सरकार नहीं है, इसलिए अपने सदस्य देशोंके किसी व्यक्तिगत नागरिकोंपर कोई कायदे– कानून बना नहीं सकता।

सूचना – इस दस्तावेजमें चार्ल्स वेस्ली फेअर्स कईबार पहले और तृतीय पुरूषका उपयोग कई बार बदल–बदल कर करते हैं। इस बातपर कृपया ध्यान न दें।

स्वामित्व में अंतर्भूत बातें–

१. जैसा कि ऊपर बताया गया है, " मिल्की वे" आकाशगंगा में स्थित मृग नक्षत्र तारकासमूहमेंस (Orion Constellation) स्थित तारकाएँ अल्निलाम(Alnilam)

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

अल्निटाक(Alnitak) और मिन्टाका (Mintaka)। इसका अर्थ ये है, कि इन तारकाओंके सभी घनस्वरूप द्रव्यमान, और उनसे निकलनेवाला संपूर्ण प्रकाश, जिसका वर्णन नीचे क्रमांक ४ में किया है।

२. अगर अंतरिक्षमें कोई अन्य तारकासमूह और तारकाएँ स्थित हों, जिन्हें यही नाम दिए गए हैं, तो ताकि इस बातसे कोई विवाद उपस्थित न हों, इसलिए इन तीन तारकाओंका स्वीकृत खगोलशास्त्रीय अभिधान नीचे बताया गया है –

(नीरस भाग शुरू)

* सभी तारकाएँ द्रव्यमानमें सूर्य से २० गुना बडी हैं।

	अल्निटाक (Alnitak)	अल्निलाम (Alnilam)	मिन्टाका (Mintaka)
अंतर (प्रकाशवर्ष)	800	1340	915
शास्त्रीय नाम	झीटा ओरायोनिस (Zeta Orionis)	एप्सिलॉन ओरायोनिस (Epsilon Orionis)	डेल्टाओरायोनिस (Delta Orionis)
एस ए ओ(SAO) सूचि क्रमांक	132444	132346	132220
हेन्री डेपर सूचि	37742	37128	36486
हार्वर्ड सुधारित (HR) क्रमांक	HR 1948	HR 1903	HR1852
दृश्यमान तेजस्विता	2.05	1.77	2.23
वर्णक्रमीय वर्ग	09.7 Ib	BOIa	09.5II
दाहिना विषुवांश	5h40.758m	5h36.216 m	5h32.007m
अप क्रम	-1°56.567'	-1°12.117'	0°17.950'

** मिन्टाका और अल्निटाक मे दोनों तारकाएँ सहचरी तारका परिव्यवस्थाकी सदस्य हैं। अर्थात, प्रत्यक्षतः इनमें एकसे ज्यादह तारकाएँ शामिल हैं। अर्थात, जी हाँ, मेरा स्वामित्वका दावा प्रत्यक्षतः तीनसे अधिक तारकाओंके लिए है। लेकिन इस बारेमें बहुत ज्यादह सोचनेकी जरूरत नहीं है। खगोलशास्त्रज्ञ जैसा करते हैं, वैसे मैं भी इन तारकाओंको एकही माननेवाला हूँ, और निर्देशित

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

08/16/2006 14:42 7707724062 FAIRES PAGE 02

करनेवाला हूँ। इस तरह, मिन्टाका और अल्निटाक का अर्थ है, कि इसमें उनकी सहचरी तारकाएँ भी उल्लिखित हैं।

(नीरस भाग समाप्त)

३. इन तारकाओंके सभी ग्रह परिवार। इसमें "**अल्निलाम**" "**अल्निटाक**" और "**मिन्टाका**" इन तीन तारकाओंके सब ग्रह शामिल हैं, जो घनस्वरूपमें हों। इन ग्रहोंके आसपास जो भी उपग्रह चिरस्वरूपी कक्षामें घूम रहे हों, वह भी इसमें शामिल हैं। अगर कोई दोहरी या युग्मग्रह व्यवस्था अस्तित्वमें है, जिसमें कोई ग्रह एवं तारकाओंमेंसे किसी एक तारकाके साथ **चार्ल्स वेस्ली फेअर्सके** स्वामित्व के बाहर स्थित किसी अन्य तारकाके आसपास भी चिरस्वरूपी कक्षमें घूम रहा हो, तो ऐसी स्थितिमें वह ग्रह उसस समयतक मेरे स्वामित्वमें माना जाएगा, जबतक वह "**अल्निलाम**" "**अल्निटाक**" या "**मिन्टाका**" के गुरूत्वाकर्षणके मुख्य प्रभावमें हो।

४. इन तारकाओंने निस्सारित किया हुआ सब प्रकाश। इसमे मैं किसी भी ऐसे प्रकाशपर स्वामित्व का दावा नहीं कर रहा हूँ, जो **सप्टेंबर २९, २००३** की रात कोई देखे। आज पृथ्वीपरसे जो प्रकाशकण कोई देखता है, वे इस दिनसे पहले छोडे गए हैं, इसलिए वे मेरे स्वामित्वके पहले छोडे गए हैं। लेकिन, चूँकि इस दिनके बाद छोडे गए सब प्रकाशकण अब मेरे, श्री. **फेअर्स** के स्वामित्व में आते हैं, इसलिए ये अनुमान लगाया जाता है, कि चूँकि इन तीन तारकाओंमेंसे सबसे अधिक दूर स्थित तारका लगभग १,३५० प्रकाशवर्ष की दूरीपर है, और "प्रकाशवर्ष" इस संज्ञा का अर्थ है एक वर्षमें प्रकाश जितना अंतर काटता है उतना अंतर, दिनांक **सप्टेंबर २९, ३३५३** इस दिन या उसके बाद देखा जानेवाला इन तीन तारकाओंका जो भी प्रकाश होगा उसपर कानूनन श्री **फेअर्स** का अधिकार होगा। **पृथ्वीपर स्थित लोग मृग पट्टेको** (Orion's Belt) **सब प्रकाश विनामूल्य और किसी कानूनी उत्तरदायित्वके बिना देख सकते हैं।**

स्वामित्वमें निम्नलिखित चीजें शामिल नहीं हैं –

१. इस तीन तारकाओंसे बनी परिव्यवस्थामें स्थित ग्रहों या तारकाओंके बीच होनेवाला सब रिक्त अंतरिक्ष।

२. मृग तारका समूहमें (Orion Constellation) सामान्य रूपमें पाया जानेवाला कोई भी "मुक्त" ग्रह।

३. जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, युग्मकक्षा परिव्यवस्थामें स्थित कोई भी ग्रह जिसपर मेरे स्वामित्वके बाहर की किसी अन्य तारकाके गुरूत्वाकर्षण का प्रभाव होनेका अनुमान है।

४. **मृग तेजोमेघ (Orion Nebula)**। धूलके उस फालतू मेघसे मुझे कुछ भी लेना – देना नहीं है। लोग मृग पट्टा (Orion's Belt) और मृग तेजोमेघ (Orion Nebula) में चकरा जाते हैं। ये दोनों बिलकुल अलग हैं। मृग तेजोमेघ एकदम फालतू है।

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

08/16/2006 14:42 7707724062 FAIRES PAGE 03

५. प्राचीन मिस्रके लोगोंकी आत्माएँ। इसमें थोडे स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। प्राचीन मिस्रके लोगोंका ये विश्वास था, कि स्वर्ग आकाशके उस भाग में था, जहाँ मृग पट्टा स्थित है। इस बातपर कोई मुझपर बहुत चिढ गया था, इसलिये फिरसे दोहराता हूँ – **इसमें कोई आत्माएँ शामिल नहीं है।**

इरादोंका विवरण

इस जगके या विश्वमें स्थित अन्य किसी भी जगके नागरिकोंसे कोई अनुचित लाभ उठानेका मेरा इरादा नहीं है। उपरोल्लिखित तारकाओंसे निकलनेवाले प्रकाश या प्रकाशकणोंके लिए कभी भी दाम लगानेका मेरा इरादा नहीं है। लेकिन शायद वहाँ भूखंड बेचनेके लिए मैं राजी हो सकता हूँ। या शायद ये अपने बच्चोंके नाम कर सकता हूँ। अब तक मैंने सोचा नहीं है। फिर भी, पृथ्वीके किसी भी देशकी सरकार की घटनामें अबतक इन आकाशस्थित वस्तुओंके बारे में, जिनपर मैंने स्वामित्व बताया है, कोई भी विधिनियम नहीं बनाए हैं, तो इसका अर्थ ये हुआ, कि **मेरा स्वामित्व का दावा कोई भी इन्कार नहीं कर सकता।** अगर किसी अन्य जगके किसी अस्तित्व को इस बारेमें कोई आपत्ति हो, तो मैं उनसे साक्षात मिलना चाहूँगा – वे जिस भी भयावह रूपमें हों। वैसे भी, चूँकि ऐसा होनेकी संभावना बहुशः नहीं के बराबर है, मैं तो इन तीन तारकाओंपर मेरी अपनी सरकार भी बना सकता हूँ। अगर मैंने यह निर्णय ले लिया तो मेरा ओहदा होगा " **आंतर – आकाशगंगीय राजनिर्माता** " । लेकिन अगर मैंने ऐसा करनेका निर्णय लिया, तो उस समय मैं और एक दस्तावेज बनाऊँगा, जिसमें इसकी चर्चा की जाएगी। और क्यों नहीं, मैं ऐसा कर भी सकता हूँ।

प्रबन्ध

सद्यस्थितिमें, जिस सम्पत्तिपर यहाँ मैने स्वामित्वका दावा किया है, उसपर किसी भी सरकारका नियंत्रण नहीं है, फिर भी इस दस्तावेजकी नकल निम्नलिखितोंको भेजी गई है –

१. संयुक्त राष्ट्रसंघ
२. अध्यक्ष, अमरीका (U S A)
३. रशिया की सरकार, उनके अध्यक्ष को भेजनेके उद्देश्यसे
४. अन्तर्राष्ट्रीय खगोलशास्त्रीय संघ
५. आर्किमिडीज स्पेस क्लेम्स इन्स्टिट्यूट
६. रचना – स्वामित्व कार्यालय, अमरीका (U S A)

वैधानिक बातें

१. यह दस्तावेज . . . . इस शीर्षकसे (Title) . . . . . (Date) को प्रमाणित किया गया।

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

08/16/2006 14:42 7707724062 FAIRES PAGE 04

२. यह दस्तावेज **आर्किमिडीज स्पेस क्लेम्स इन्स्टिट्यूट** के साथ मे १३, २००४ को इंटरनेटव्दारा (online) निबंधित किया गया। निबंधन क्रमांक – d20040513111325

३. यह दस्तावेज **अमरीकी रचना–स्वामित्व कार्यालय** में दाखिल किया गया है। **जी हाँ, मुझे इसका रचना–स्वामित्व अधिकार है।** इसलिए, कोई भी मृग पट्टेपर (Orion's Belt) अपना स्वामित्व बताने का प्रयास न करे। वह मेरा है। मेरे पास रचना–स्वामित्व निबंधन का प्रमाणपत्र भी है, फिर भी अगर मुझपर विश्वास नहीं, तो काँग्रेस लायब्ररीमें जाकर देख लीजिए।

४. यह दस्तावेज नॉक्सव्हिल काऊंटीके सम्पत्ती और मृत्यूपत्र कार्यालयमें दाखिल किया गया है। इसका प्रमाण पहले पन्नेपर, और हर दूसरे पन्नेके तलपर दिए गए बार कोडसे मिल सकता है।

५. **यह विषय महत्वपूर्ण है।** जब मृत्युपत्र करनेका समय आए, तब मैं ये मेरी इच्छानुसार किसीके भी नाम कर दूँगा। मेरे कोई वंशज होनेके पहले अगर मैं मर जाऊँ तो मेरी बहन, **जेनेल निकोल फेअर्स** इस दावेमें अंतर्भूत सारी सम्पत्तिकी इकलौती वारिस बन जाएँगीं।

. . . . . .

(जेनेल निकोल फेअर्स)

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

६. **और एक बात :** अक्तूबर २००३ में इस विषयके संदर्भमें मैं समाचार में था। नॉक्सव्हिल, टेनेसीके चॅनेल डब्लूबीआय आर (चॅनेल १०) ने उनके **लाईव्ह ॲट फाईव्ह** में मुझसे वार्तालाप किया था। चाहें तो आप उनसे पूछ सकते हैं। अर्थात, यह स्वामित्वका दावा अब ईथरीय लहरोंपर जा चुका है। इसका अर्थ क्या हुआ? जो लोग ये मानते हैं, कि जिस चीज तक हम जा नहीं सकते या उसे स्पर्श नहीं करते उस चीजपर हम अपना अधिकार नहीं जता सकते, ऐसे लोग जरा नीचे दी गई पंक्ति पढकर थोडा और विचार करें –

मैं → कॅमेरा → टेप → प्रसारण → ईथरीय लहरें → अन्तरिक्ष

*मेरे खयालसे आप समझ सकते हैं, कि मैं क्या बतानेकी कोशिश कर रहा हूँ। **चार्ल्स वेस्ली फेअर्स** जो स्वामित्व का दावा विद्युत किरणोंके रूप में भेजा है, वह मृग पट्टे तक किसी भी अन्य इन्सानके दावे के पहले पहुँच जाएगा। और किसी यंत्र–मानव के पहले भी। केवल इसलिए, की ऐसा प्रयास करनेकी हिंमत और चातुर्य रखनेवाला मैं पहला इन्सान था।

७. यह दस्तावेज फेडरल न्यायालयमें दाखिल किया गया था।

दिनांक न्यायमूर्ति निर्णय

८. अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति, जिन्हें यह दस्तावेज दिया गया है।

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

08/16/2006 14:42 7707724062 FAIRES PAGE 06

९. अल्निलाम, अल्निटाक और मिन्टाका, उनके ग्रह –उपग्रह , और उनसे निकलनेवाले प्रकाश पर स्वामित्व का दावा **चार्ल्स वेस्ली फेअर्स व्दारा सप्टेंबर २९, २००३** को बनाए गए इस इस्तावेज के रूपमें अभिव्यक्त हुआ है। इस दस्तावेजमें भविष्यमें की जानेवाली कृतियोंके सम्बन्धमें मार्गदर्शक तत्वोंका समावेश किया हैं। यह दस्तावेज **चार्ल्स वेस्ली फेअर्स ने सप्टेंबर २१, २००४** को संशोधित और संपादित किया। इस दस्तावेज की निर्मितीमें और किसी का भी सहभाग नहीं था, और उपरोल्लिखीत मृग पट्टेमें स्थित तीन तारकोंका एकमेव वैध स्वामि **चार्ल्स वेस्ली फेअर्स** ही होंगे।
जी हाँ ।

हस्ताक्षर

हस्ताक्षार
(चार्ल्स वेस्ली फेअर्स) चार्ल्स वेस्ली फेअर्स

रचना – स्वामित्व © २००३, २००४ चार्ल्स वेस्ली फेअर्स (सर्व अधिकार सुरक्षित)

08/16/2006 14:42 7707724062 FAIRES PAGE 07